Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7563	19.07.2023	20.07.2023	Banka Bihar	www.jagran.com/Hindi https://www.jagran.com/bihar/banka-lizard-found-in-mid-day-meal-in-banka-school-93-children-hospitalized-after-complaining-of-vomiting-and-diarrhea-23476124.html
Title:	**93 children hospitalised after eating School's mid-day meal in Banka, Bihar**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Banka, SSU- Bihar			

बांका जिले के रजौन प्रखंड के प्रोन्नत मध्य विद्यालय आनंदपुर में मिड-डे मील खाने से 93 बच्चों की तबीयत खराब हो गई है। सभी बीमार बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। बच्चों ने बताया कि भोजन खाने के दौरान एक बच्चे की थाली में छिपकिली में मिली थी।

खाना खाने के कुछ देर बाद ही बच्चों को उल्टियां, दस्त और पेट खराब की शिकायत होने लगी। आनन-फानन में बीमार बच्चो की सूचना अस्पताल को दी गई। अस्पताल से एम्बुलेंस जाने के बाद सभी बच्चों को अस्पताल लाया गया है। इलाज के बाद सभी बच्चों का स्वास्थ्य सामान्य बताया जा रहा है।

क्या बोले स्कूल के हेडमास्टर

इधर स्कूल के हेडमास्टर उमेश साह ने बताया कि मेन्यू के अनुसार, आज स्कूल में खिचड़ी और चोखा बना था। इसमें से 165 में 117 बच्चों ने भोजन खाया है। शेष दूसरी पाली में बच्चे खाना खाते, इसी बीच खाने में छिपकिली मिलने की सूचना मिली। इसी बीच कुछ बच्चे उल्टियां करने लगे। इसके बाद सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में डीईओ पवन कुमार ने बताया कि स्कूल के मिड-डे मील में छिपकली मिलने और बच्चों के स्वास्थ्य खराब होने की जांच कराई जाएगी।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC